

# क्या आप जानते थे कि संक्रमण न्यूरोसायकीट्रिक लक्षणों को प्रारंभ कर सकते है ?

- ·सामान्य संक्रमण अनुचित दिशा में रोग-प्रतिरोधक प्रतिक्रिया को शुरू कर सकते है जो कि मस्तिष्क कि सूजन का उत्प्रेरक बन सकता है। इसके परिणाम स्वरूप गंभीर मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक, ज्ञानात्मक, मोटर, इंद्रियात्मक एवं सामाजिक विकार उत्पन्न हो सकते है।
- ·बाल चिकित्सा ऑटॉइम्यून न्यूरोसायकीट्रिक विकार (PANDAS) एवं बाल चिकित्सा तीव्र उद्भव न्यूरोसायकीट्रिक सिंड्रोम (PANS) सबसे अधिक ज्ञात रोग-प्रतिरोधक मध्यस्थ न्यूरोसायकीट्रिक विकार हैं जो बच्चों और युवा वयस्कों में पाए जाते है। यह न्यूरोइम्यून विकारों को औटोइम्यून एन्सेफेलाइटिस एवं बेसल गैंग्लिया एन्सेफेलाइटिस के नामों से भी जाना जाता है।
- ·रोग प्रतिरोधक प्रक्रिया कि मध्यस्थता द्वारा उत्पन्न होने वाले न्यूरोसायकीट्रिक लक्षण, जो कि बहुत काम प्रतिशत संख्या में बच्चों, किशोर- किशोरियों एवं युवा वयस्कों में पाए जाते है, अधिकतर गलत पहचानें जाते हैं।
- ·इनकी प्रारम्भिक पहचान आवश्यक है क्योंकि इनका प्रभाव रोगी, परिवार एवं समुदाय के लिए गंभीर हो सकता है।

# संक्रामक उत्तेजक

बाल चिकित्सा ऑटॉइम्यून न्यूरोसायकीट्रिक विकार **(PANDAS)**
समूह अ स्ट्रेपटोकोकस

बाल चिकित्सा तीव्र उद्भव न्यूरोसायकीट्रिक सिंड्रोम **(PANS)**
माइको – प्लासमा निओमॉनिए (वॉकिंग निओमॉनिया), बोरलिया बर्गडॉर्फरी (लाइम संक्रमण), टिक से उत्पन्न होने वाले अन्य बैक्टीरिया (उदाहरण: बोरलिया मियामोटोई एवं बार्टोनेल्ला), या अन्य वायरस जैसे कि एप्स्टीन-बार वायरस (मोनोन्यूक्लिओसिस), हार्पस सिम्प्लेक्स वायरस (HPV), कोक्सैकी वायरस (हाथ, पैर और मुँह का रोग), फ्लू एवं कोविड- 19, अन्य संक्रामक उत्तेजकों के बीच ।

# लक्षण

जुनून एवं आवेग, टिक्स एवं आहार प्रतिबंध, बाल चिकित्सा ऑटॉइम्यून न्यूरोसायकीट्रिक विकार (PANDAS) एवं बाल चिकित्सा तीव्र उद्भव न्यूरोसायकीट्रिक सिंड्रोम (PANS) के विशेष लक्षण हैं। अन्य लक्षण एवं व्यवहार में निम्न भी शामिल हो सकते हैं:

- चिंता (विशेषकर अलगाव संबंधित चिंता)
- बढ़ा हुआ चिड़चिड़ापन
- तीव्र मूड स्विंगस
- व्यक्तित्व में परिवर्तन
- नींद की परेशानियाँ (उदाहरण: रात का भय, नींद में चलना)
- कैलिग्राफी एवं चित्र कला का बिगड़ना
- पहले सीखी हुई गणित कौशल में हानि
- अत्यधिक उत्तेजनापूर्ण एवं क्रोधपूर्ण व्यवहार
- अत्यंत आवेगशीलता
- आत्म हानिकारक व्यवहार
- अपघाती विचार
- अत्यधिक थकावट (विश्राम का अभाव महसूस होना)
- मूत्र की आवृत्ति का बढ़ना एवं/ या रात में मूत्र असंयमिता
- बड़ी पुतलियाँ
- अत्यधिक सक्रियता
- ध्यान का अभाव
- एकाग्रता में कठिनाई
- इंद्रियों से संबंधित परेशानियाँ
- स्कूल अस्वीकृति

# कोर्स

इन लक्षणों का होना अधिकतर (हमेशा नहीं) किसी भी एक संक्रमण से संबंधित होता है। यह लक्षण इतने अचानक से दिखाई देने लगते है की देखभालकर्ता इनके शुरू होने की तारीख याद रखता है। इन लक्षणों की तीव्रता समय के साथ बदलती रहती है, कभी यह लक्षण अत्यधिक तीव्र होते है और कभी बहुत कम।

खेदपूर्वक, बाल चिकित्सा ऑटॉइम्यून न्यूरोसायकीट्रिक विकार (PANDAS)/ बाल चिकित्सा तीव्र उद्भव न्यूरोसायकीट्रिक सिंड्रोम (PANS) के रोगियों में स्वयं की हानि या मृत्यु के एवं अप्रिय विचार लगातार आ सकते है। ऐसे व्यक्ति अचानक, अनजाने में, बिना किसी इरादे या वे क्या कर रहे है बिना इसकी जानकारी के, ऐसे व्यवहार प्रदर्शित करते है जो गंभीर चोट या मृत्यु का कारण बन सकता है।

# निदान

रोग प्रतिरोधक मध्यस्थ न्यूरोसाइकिट्रिक विकारों, बाल चिकित्सा ऑटॉइम्यून न्यूरोसायकीट्रिक विकार (PANDAS)/ बाल चिकित्सा तीव्र उद्भव न्यूरोसायकीट्रिक सिंड्रोम (PANS), के लक्षण पारंपरिक मानसिक विकारों के समान होते हैं, इसलिए कई बार इनकी पहचान गलत की जाती है एवं इनका उपचार केवल साइकोथेरेपी एवं साइकीयट्रिक आऊषाधियों से किया जाता जो की अप्रभावी हो सकता है।

बाल चिकित्सा ऑटॉइम्यून न्यूरोसायकीट्रिक विकार (PANDAS)/ बाल चिकित्सा तीव्र उद्भव न्यूरोसायकीट्रिक सिंड्रोम (PANS) का निदान क्लीनिकल मापदंड पे आधारित है जिसका मतलब यह है की आपका डॉक्टर आपसे बहुत से प्रश्न पूछके यह निष्कर्ष निकलेगा की आपका केस निदानीय मापदंड पे खरा उतरता है या नहीँ। प्रत्यक्ष शारीरिक प्रशिक्षण एवं प्रयोगशाला प्रशिक्षण भी किए जा सकते है।

# उपचार

इस तरह के विकारों का प्रभावशाली उपचार में निम्न बिंदुओं का समावेश है:

1.सक्रिय संक्रमण का उपचार (उदाहरण- एण्टीबाओटिक्स)

2.संक्रमण के कारण मस्तिष्क में आई हुई सूजन का उपचार (नॉन – स्टेरॉइडल एंटी इंफलमटोरी औषधियाँ- जैसे की आइबुप्रोफ़ेन या नैपरोक्सेन- एवं कॉर्टिकोस्टेरॉइड) एवं

3.रोग प्रतिरोधक प्रणाली का मॉड्यूलेशन (उदाहरण – IVIG, प्लसमफेरेसिस, एवं Rituximab)

आंतों के माइक्रोबायोम और मस्तिष्क के बीच संभावित संबंध को देखते हुए, आहार में बदलाव पर भी विचार किया जाना चाहिए। कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (CBT) एवं सिकेयट्रिक औषधियाँ भी लाभदायक हो सकती है।

# The Alex Manfull Fund

यदि आपको लगता है कि आपको या आपके किसी भी परिवारजन को बाल चिकित्सा ऑटॉइम्यून न्यूरोसायकीट्रिक विकार (PANDAS)/ बाल चिकित्सा तीव्र उद्भव न्यूरोसायकीट्रिक सिंड्रोम (PANS) है तो आप अपने प्राथमिक उपचार डॉक्टर या बालचिकित्सक का संपर्क करें। विकार के प्रारंभ होने की, लक्षणों की, अन्य संक्रमण, एवं आपकी और परिवार की रोग चिकित्सा इतिहास की विस्तृत विवरणिका बनाएं। यह ब्रोशर अपने डॉक्टर के पास ले जाएं और उन्हें बाल चिकित्सा ऑटॉइम्यून न्यूरोसायकीट्रिक विकार (PANDAS) चिकित्सक नेटवर्क के बारे में बताएं (https://www.pandasppn.org/).

TheAlexManFullFund.org की भेंट करें और एलेक्स, बाल चिकित्सा ऑटॉइम्यून न्यूरोसायकीट्रिक विकार (PANDAS)/ बाल चिकित्सा तीव्र उद्भव न्यूरोसायकीट्रिक सिंड्रोम (PANS), ध पॉण्ड ब्रेन बैंक के बारे में और आप कैसे सहायता कर सकते है यह जानें। TAMF एक 501 (c) (3) गैर लाभकारी संस्थान है। यहाँ किए हुए दान कर कटौती मान्य है। ब्रोशर में दी हुई जानकारी के संदर्भ हमारी वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। आप नीचे दिए हुए QR कोड का प्रयोग कर के हमारी वेबसाइट तक पहुँच सकते है।



**THE ALEX MANFULL FUND**
PO BOX 705
NEW CASTLE, NH 03854
CONTACT@THEALEXMANFULLFUND.ORG